श्री रितेश कुमार

श्री रितेश कुमार ग्रामीण क्षेत्र से संबंध रखते है। ग्रामीण क्षेत्र में काम के अभाव के चलते एवं कम मजदूरी भत्ता होने के चलते श्री कुमार को ना तो काम रोज मिलता था और ना ही उतनी कमाई हो पाती थी जिससे की वे अपने परिवार का भरण पोषण सही तरीके से नहीं कर पाते थे।

जिला उद्योग केन्द्र, भागलपुर के माध्यम से उद्योग विभाग, बिहार सरकार के द्वारा चलाई जा रही ''मुख्यमंत्री उद्यमी योजना'' की जानकारी मिला। इस योजना अंतर्गत श्री कुमार का चयन 'पेपर प्लेट निमार्ण'' के लिए हुआ। इकाई स्थापित करने के लिए श्री कुमार को 10 लाख राशि की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। श्री कुमार द्वार इस राशि का सदुपयोग करते हुए एक अच्छा इकाई की स्थापना की गई।

आज के समय में उनके द्वारा भागलपुर जिले के कई ब्लॉक में पेपर प्लेट बनाकर ब्रिकी किया जा रहा है। श्री कुमार जो पहले काम ढूढ़ने गॉव के बाहर जाते थे। आज वो खुद घर पर रहकर अपने आस–पास के दो लोगों को रोजगार मुहैया कराते है। अब उन्हे इस इकाई से महीने में 15000.00 रूपये की बचत हो जाती है। अब वे अपने परिवार का भरण–पोषण करने में सक्षम हो गये है।